# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## (चतुर्थ)

**फरवरी, 2018 सत्र**

**वित्तीय वर्ष 2018–2019 के लिये अनुदानों की मांगों**

**पर**

# कटौती प्रस्ताव

**मांग संख्या – 7, 22, 69, 81, 11,**

**मांग संख्या – 28, 30, 80, 19, 79,**

**मांग संख्या – 29, 10 से संबंधित**

**भाग - एक**

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, रायपुर

| क्र | मान. मंत्री का नाम | मांग संख्या | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री अमर अग्रवाल** | 7 | वाणिज्यिक कर विभाग से संबंधित व्यय |
| | | 22 | नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग—नगरीय निकाय |
| | | 69 | नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग—नगरीय कल्याण |
| | | 81 | नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता |
| | | 11 | वाणिज्य एवं उद्योग विभाग से संबंधित व्यय |
| 2. | **श्री अजय चंद्राकर** | 28 | राज्य विधान मण्डल |
| | | 30 | पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित व्यय |
| | | 80 | त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता |
| | | 19 | लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण |
| | | 79 | चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित व्यय |
| 3. | **श्री महेश गागड़ा** | 29 | न्याय प्रशासन एवं निर्वाचन |
| | | 10 | वन |

इस संकलन में छत्तीसगढ़ विधान सभा के फरवरी, 2018 सत्र में प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2018—2019 के आय—व्ययक के संबंध में उपर्युक्त मांग संख्याओं से संबंधित माननीय सदस्यों से प्राप्त कटौती प्रस्तावों की ग्राह्य सूचनाओं को सम्मिलित किया गया है, कटौती प्रस्तावों में आंशिक रूप में कुछ आवश्यक सुधार किये गये है।

**चन्द्र शेखर गंगराड़े**
**सचिव**
**छत्तीसगढ़ विधान सभा**

**वित्तीय वर्ष 2018–2019 के लिये अनुदान की मांगों पर कटौती प्रस्ताव भाग – एक में सम्मिलित मांग संख्याओं पर निम्नलिखित माननीय सदस्यों के कटौती प्रस्तावों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं :–**

1. श्री टी.एस. सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष
2. श्री भूपेश बघेल, सदस्य
3. श्री सत्यनारायण शर्मा, सदस्य
4. श्री धनेन्द्र साहू, सदस्य
5. डॉ. (श्रीमती) रेणू जोगी, सदस्य
6. श्री भोलाराम साहू, सदस्य
7. श्री अरूण वोरा, सदस्य
8. श्री मोतीलाल देवांगन, सदस्य
9. श्री बघेल लखेश्वर, सदस्य
10. श्री अमरजीत भगत, सदस्य
11. श्री कवासी लखमा, सदस्य
12. श्री सियाराम कौशिक, सदस्य
13. श्री राजेन्द्र कुमार राय, सदस्य
14. श्री गिरवर जंघेल, सदस्य
15. श्री लालजीत सिंह राठिया, सदस्य
16. श्री अमित अजीत जोगी, सदस्य
17. श्रीमती अनिला भेंडिया, सदस्य
18. श्री चिंतामणी महाराज, सदस्य
19. श्री बृहस्पत सिंह, सदस्य
20. श्री मोहन मरकाम, सदस्य
21. श्री संतराम नेताम, सदस्य
22. श्री भैयाराम सिन्हा, सदस्य
23. श्री जनकराम वर्मा, सदस्य
24. श्री दीपक बैज, सदस्य
25. श्री केशव चन्द्रा, सदस्य
26. श्रीमती देवती कर्मा, सदस्य
27. डॉ. प्रीतमराम, सदस्य
28. श्री पारसनाथ राजवाड़े, सदस्य
29. श्रीमती तेजकुंवर गोवर्धन नेताम, सदस्य
30. श्री मनोज सिंह मण्डावी, सदस्य
31. श्री गुरूमुख सिंह होरा, सदस्य

# मांग संख्या– 7

# वाणिज्यिक कर विभाग से संबंधित व्यय

**मतदेय राशि** **रूपये 2,56,98,68,000**

# बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 5

**1. श्री टी.एस.सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) प्रदेश में पूर्णतः शराब बंदी का उल्लेख नहीं है।
(2) पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क में वरिष्ठ नागरिकों एवं महिलाओं को छूट देने का उल्लेख नहीं है।
(3) पेट्रोल एवं डीजल में लगाये वैअ दरों को कम करने का उल्लेख नहीं है।
(4) शराब खरीदी में शराब कंपनी द्वारा दी जाने वाली छूट की राशि को किस मद में व्यय किया जा रहा है इसका उल्लेख नहीं है।

**2. श्री भूपेश बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) प्रदेश में शराब बंदी करने का उल्लेख नहीं है।
(2) पेट्रोल एवं डीजल में वेट एवं सेस कर को कम करने का प्रावधान नहीं है।
(3) प्रदेश में हो रहे अवैध शराब बिक्री के रोकथाम हेतु कोई प्रावधान नहीं है।
(4) प्रदेश में मध्यम वर्गीय नागरिकों के उपयोग की वस्तुओं के कर में कमी करने का कोई उल्लेख नहीं है।
(5) नशा मुक्ति अभियान चलाये जाने का कोई उल्लेख नहीं है।

**3. श्री मोतीलाल देवांगन, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) जांजगीर चांपा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत गांव–गांव में अवैध शराब बिक्री को रोकने का उल्लेख नहीं है।
(2) चांपा में शासकीय शराब दुकान गौरव पथ से हटाये जाने की नगरवासियों एवं जनप्रतिनिधियों की मांग के बावजूद नहीं हटाया जा रहा है का उल्लेख नहीं है ।

**4. श्री बघेल लखेश्वर, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) वर्तमान आबकारी नितियों से प्रदेश वासियों में आक्रोश व्याप्त है ।
(2) डीजल एवं पेट्रोल में वेट कटौती का प्रावधान नहीं है।
(3) प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी का प्रावधान नहीं है।
(4) अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम का उल्लेख नहीं है।
(5) प्रदेश में दैनिक उपयोग की वस्तुओं में कर छूट का प्रावधान नहीं है।

**5. श्रीमती देवती कर्मा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

प्रदेश में डीजल–पेट्रोल पर वेट टेक्स में कमी नहीं की गई। प्रदेश में अवैध शराब बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित किये जाने का उल्लेख नहीं है।

**6. श्री सियाराम कौशिक, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

बिलासपुर जिला में वाणिज्यिक कर भवन का प्रावधान नहीं है।

**7. श्री लखमा कवासी, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

**आबकारी** नीतियों में संशोधन से प्रदेश वासियों में आक्रोश व्याप्त है ।

**8. श्री अरूण वोरा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

प्रदेश में शराब बंदी की घोषणा नहीं की गई है।

**9. श्री अमित अजीत जोगी, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) जी.एस.टी. लागू करने के बाद प्रदेश में टेक्स की कमी की भरपाई का उल्लेख नहीं है।
(2) डीजल–पेट्रोल के वैट टेक्स में कमी नहीं किया गया जिसके कारण उपभोक्ता एवं किसान मंहगाई का सामना कर रहें है।
(3) मनरेगा का बजट कम कर दिया गया है जो कि मजदूरों के लिए हितकर नहीं है।
(4) उत्पाद शुल्क में वृद्धि करके शराब से शासन पैसे कमा रही है।
(5) प्रदेश में शराब की बिक्री बढ़ना चिंताजनक है।

**10. श्री भैयाराम सिन्हा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

**(1)** ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की अवैध बिक्री को नियंत्रित करने में सरकार असफल रही है।
**(2)** प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी करने में सरकार असफल रही है।

**11. श्री मनोज सिंह मण्डावी, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) पेट्रोल एवं डीजल में लगाये गये वेट दरों को कम करने का उल्लेख नहीं है।
(2) प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी की घोषणा का उल्लेख नहीं है।

**12. श्री अमरजीत भगत, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी की घोषणा का उल्लेख नहीं है।

**13. श्रीमती तेजकुंवर गोवर्धन नेताम, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

शराब की अवैध तस्कारी को रोकने हेतु ठोस नीति का उल्लेख नहीं है।

**14. श्री जनकराम वर्मा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) प्रदेश में शराब बंदी करने का उल्लेख नहीं है।
(2) अवैध शराब बिक्री को रोकने हेतु कोई प्रावधान नहीं है।

# मांग संख्या– 22

# नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग – नगरीय निकाय

**मतदेय राशि** **रूपये 1,74,58,37,000**

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 18

**1. श्री टी.एस.सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) जिला सरगुजा के अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र में इंडोर स्टेडियम निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।

(2) नगरीय निकाय क्षेत्रों में निवासरत आरक्षित वर्ग के लोगों का निकायम के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र बनाने में सरलीकरण करने का उल्लेख नहीं है।

(3) नगरीय निकायों में संपत्तिकर कम करने का उल्लेख नहीं है।

(4) नगरीय निकायों में संपत्तिकर कम करने का उल्लेख नहीं है।

(5) नगरीय निकायों के अधिकारियों–कर्मचारियों को 7 वें वेतनमान का एरियर्स दिये जाने का उल्लेख नहीं है।

**2. श्री भूपेश बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) नगरीय निकायों में वर्षों से निवासरत लोगों को पट्टा प्रदान करने का कोई उल्लेख नहीं है।

(2) नगरीय निकायों में पेयजल आवर्धन योजना का उल्लेख नहीं है।

(3) नगरीय निकायों में संपत्ति कर में कमी करने का कोई उल्लेख नहीं है।

(4) नगरीय निकाय को अधिकार संपन्न बनाने का उल्लेख नहीं है।

**3. श्री सत्यनारायण शर्मा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) प्रदेश के नगरीय निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधियों के मानदेय में बढ़ोत्तरी का कोई प्रावधान नहीं है ।

(2) मेरे निर्वाचन क्षेत्र के न.नि. रायपुर के वार्ड क्र. 27, व्ही आई पी एम.आर. सड़क क्र 23,21 के संधारण नाली के निर्माण का कोई प्रावधान नहीं है ।

**4. श्री मोतीलाल देवांगन, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

जांजगीर नैला नगरपालिका क्षेत्र के अनेक सूखे तालाब की सफाई एवं जल भराव का कोई उल्लेख नहीं है।

**5. श्री बघेल लखेश्वर, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) नगर पंचायत बस्तर में गरीबी रेखा जीवन यापन चरने वाले एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आदिवासी, हरिजन को कर छूट कराने का कोई उल्लेख नहीं है ।

(2) नगर पंचायत बस्तर मूलभूत सुविधा रोड, नाली बिजली पानी के संबंध में का कोई उल्लेख नहीं है ।

(3) नगर पंचायत–बस्तर के तालाबों का सौन्दर्यीकरण एवं जल भराव का कोई उल्लेख नहीं है ।

(4) नगरीय निकायों में सम्पति कर कम करने का कोई उल्लेख नहीं है ।

**6. श्री अरूण वोरा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

प्रदेश में नगरीय निकायों में निर्वाचित प्रतिनिधियों की उपेक्षा रोकने का प्रावधान नहीं है।

**7. श्री लखमा कवासी, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

प्रदेश के नगरीय निकायों में हो रहे गुणवत्ता विहीन कार्यो को रोकने में प्रदेश सरकार विफल रही है ।

**8. श्री अमित अजीत जोगी, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) सभी शहरों में सीवरेज सीस्टम बनाने का कोई उल्लेख नहीं है।
(2) नगर पंचायत पेण्ड्रा अंतर्गत बांधारानी तालाब सौंदर्यीकरण का उल्लेख नहीं है।
(3) महापौर नगरपालिका । पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों के मानदेय बढ़ाने का कोई उल्लेख नहीं है।
(4) नगरीय क्षेत्रों में भी कार्यरत मजदूरों को मनरेगा के समान रोजगार दिलाने की योजना का उल्लेख नहीं है।
(5) प्रदेश की सभी नगरीय निकायों में शुद्व पेयजल के लिए जल आवर्धन योजना का कोई उल्लेख नहीं है।
(6) स्मार्ट सिटी योजना के क्रियांवयन की गति तेज करने का उल्लेख नहीं है।
(7) यूजर चार्ज के नाम पर नगरीय निकायों क्षेत्रों के निवासियों से सफाई कर लिया जा रहा है जिसे समाप्त करने का उल्लेख नहीं है।
(8) राज्य के नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों को वास्तविक रूप से ओडीएफ करने का कोई उल्लेख नहीं है।
(9) तालाबों की सफाई एवं उसमें पानी भराव का उल्लेख नहीं है।
(10) सम्पत्तिकर में कमी लाने का कोई उल्लेख नहीं है।

**9. श्रीमती देवती कर्मा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) दंतेवाड़ा में माई दंतेश्वरी टेम्पल स्टेट प्रिमाईनस से हटाए गए व्यवसायीयों, रहवासियों को पुर्नवासित व्यवस्थापन के कोई योजना नहीं है ।
(2) प्रदेश के नगरीय निकायों के निवार्चित जन प्रतिनिधियों के वित्तीय अधिकार उन्हें वापिस दिये जाने का कोई प्रावधान नहीं है ।

**10. श्री सियाराम कौशिक, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

बिल्हा विधान सभा के नगर पालिका तिफरा नगर पंचायत बोदरी सरगांव में विश्राम गृह का कोई प्रस्ताव नहीं है।

**11. श्री गिरवर जंघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) प्रदेश के नगरीय निकायों में हो रहे गुणवत्ताहीन निर्माण को रोकने में प्रदेश सरकार विफल रही है।
(2) खैरागढ़ वि.स. क्षेत्र के नगरीय निकायों अंतर्गत विद्युत की समुचित व्यवस्था, पेयजल तथा स्वच्छता की कमी है।
(3) राजनांदगांव शहर को स्मार्ट सिटी में शामिल करने हेतु कोई प्रावधान नहीं है।
(4) प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में निर्मित अवैध कॉलोनियों को नियमित किये जाने का उल्लेख नहीं है।

(5) शहरों के विकास के लिए स्मार्ट सिटी योजना तो बनाइ गई है, किन्तु बजट में ग्रामों के विकास के लिए कोई उल्लेख नहीं है।
(6) खैरागढ़ के जयराम तालाब के बजट में सफाई एवं सौंदर्यीकरण कराये जाने का उल्लेख नहीं है।
(7) खैरागढ़ विधान सभा क्षेत्र के वि.ख. छुईखदान में शक्कर कारखाना खोले जाने का उल्लेख नहीं है।
(8) खैरागढ़ के विकास हेतु कोई नई योजनाऐं हेतु बजट में कोई उल्लेख नहीं है।

**12. श्री बृहस्पत सिंह, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) रामानुजगंज में कम्युनिटी हाल के निर्माण की योजना का उल्लेख नहीं है।
(2) नगर पंचायतों की सड़क की मरम्मत की योजना नहीं है।
(3) बलरामपुर जिले के नगर पंचायत की नगर पालिका बनाने की योजना का उल्लेख नहीं है।
(4) रामानुजगंज नगर पंचायत में नाली निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।

# मांग संख्या – 69

## नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग – नगरीय कल्याण

**मतदेय राशि** **रूपये 8,50,43,35,000**

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 30

**1. श्री टी.एस. सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्माणाधीन आवासों में आर्थिक अनियमितता के नियंत्रण का उल्लेख नहीं है।
(2) अवैध कालोनियों के निर्माण को रोकने का उल्लेख नहीं है।
(3) प्रदेश में (फायर एण्ड सेफ्टी) आगजनी की घटनाओं को रोकने हेतु प्रभावी उपायों का उल्लेख नहीं है।

**2. श्री भूपेश बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

प्रदेश में आगजनी रोकने सुरक्षा उपायों का उल्लेख नहीं हैं।

**3. श्री सत्यनारायण शर्मा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) मेरे निर्वाचन क्षेत्र न.नि. बिरगांव में फायर ब्रिगेड का कोई प्रावधान नहीं है ।
(2) मेरे निर्वाचन क्षेत्रांतर्गत बोरिया खुर्द वार्ड क्र 52 में बच्चों के लिये पार्क का कोई प्रावधान नहीं है ।
(3) मेरे निर्वाचन क्षेत्र के बिरगांव न.नि. क्षेत्र में बच्चों के खेल–कूद हेतु पार्क का कोई प्रावधान नहीं है ।
(4) मेरे निर्वाचन क्षेत्र के वार्ड क्र. 52 बोरिया खुर्द स्थित गजराज तालाब के संवर्धन संरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है ।

**4. श्री बघेल लखेश्वर, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) नगर पंचायत बस्तर में रिक्त पदों पर भर्ती करने का उल्लेख नहीं है ।
(2) नगर पंचायत बस्तर में ड्रेनेज नाली निर्माण करने का कोई उल्लेख नहीं है ।
(3) बस्तर नगर पंचायत में नया बस स्टेन बनाने का कोई उल्लेख नहीं है ।

**5. डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) नगर पंचायत गौरेला को नगर पालिका का दर्जा देने का उल्लेख नहीं है।
(2) पेण्ड्रा एवं रतनपुर के मुक्तिधाम में अहाता निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(3) गौरेला नगर पंचायत को 2017–18 वर्ष जनसंख्या के आधार पर नगर पालिका बनाने का उल्ल्ेख नहीं है।

# मांग संख्या – 81

# नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता

**मतदेय राशि** **रूपये 23,99,80,30,000**

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 18

1. **श्री बघेल लखेश्वर, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

   (1) नगर पंचायत बस्तर में नवीन गौरव पथ स्वीकृति का उल्लेख नहीं है ।
   (2) प्रदेश में किसी नगर पंचात/नगर पालिका एवं नगर निगम को आदेर्श नगर पालिका/नगर पंचायत बनाने का उल्लेख नहीं है ।
   (3) नगर पंचायत बस्तर में पेयजल हेतु स्वीकृति बाड़ सागर बांध का निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण करने का उल्लेख नहीं है ।
   (4) नगर पंचायत बस्तर में बरसों से आबादी भूमि में घर बनाकर रह रहे व समेकित व सम्पति कर पटा रहे नागरिकों को आबादी पट्टा प्रदान करने का उल्लेख नहीं है ।

2. **श्री राजेन्द्र कुमार राय, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

   गुण्डरदेही आदिवासी मोहल्ला सोनकर मोहल्ला में सामुदायिक भवन निर्माण करने का उल्लेख नहीं है ।

# मांग संख्या – 11

# वाणिज्य एवं उद्योग विभाग से संबंधित व्यय

**मतदेय राशि** **रूपये 3,47,05,24,000**

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 11

**1. श्री टी.एस.सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) प्रदेश में फार्मासियूटिकल उद्योगों की स्थापना का प्रावधान नहीं है।
(2) सी.एस.आर. मद की राशि का उपयोग सीानीय विकास कार्यों में करने का प्रावधान नहीं है।
(3) प्रदेश के बेरोजगारों युवकों को सीापित उद्योगों में रोजगार प्रदान करने का उल्लेख नहीं है।
(4) प्रदेश के उद्योगों द्वारा फेलाये जा रहे जलवायु एवं ठोस अपशिष्ट प्रदूषण को रोकने हेतु प्रभावी उपायों का उल्लेख नहीं है।
(5) सरगुजा में मक्का प्रोसेसिंग उद्योग की स्थापना का उल्लेख नहीं है।
(6) प्रदेश में स्थापित उद्योगों द्वारा औद्योगिक नीतियों का पालन कराने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है।
(7) औद्योगिक नीति के अनुसार स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार उपलबध कराने का प्रावधान नहीं है।
(8) उद्योगों द्वारा अधिग्रहित भूमि जो उद्योगों में प्रयोग नहीं हो रही उसे किसानों को वापस दिलाने का प्रावधान नहीं है।

**2. श्री भूपेश बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषित पानी से प्रदूषित हो रहे नदियों को बचाने कोई प्रावधान नहीं है ।
(2) उद्योगों के सी. एस. आर. मद के व्यय में नियंत्रण करने का प्रावधान नहीं है।

**3. श्री सत्यनारायण शर्मा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

उद्योगों के विस्तार की योजना का उल्लेख नहीं है ।

**4. श्री मोतीलाल देवांगन, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

मड़वा पावर प्लांट के भूविस्थापित अब भी नौकरी से वंचित हैं नौकरी दिए जाने का उल्लेख नहीं है।

**5. श्री बघेल लखेश्वर, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) बस्तर के नव युवकों को प्रदेश के उद्योगो में रोजगार दिलाने का उल्लेख नहीं है ।
(2) उद्योगों के सी.एल.आर. मद के व्यय पर नियंत्रण करने का उल्लेख नहीं है ।
(3) बस्तर में लघु वनोपज आधारित उद्योगों की स्थापना का प्रावधान नहीं है ।
(4) नई उद्योग नीति के तहत की जाने वाली सुविधाओं का उल्लेख नहीं है ।
(5) जिला बस्तर में आद्योगिक विकास हेतु मक्का प्रोसिंग (खाट खाना) खोलने का उल्लेख नहीं है।

**6. श्रीमती देवती कर्मा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

बस्तर में प्रदेश के प्रथम उद्योग मंत्री की स्मृति के वृहद आद्योगीकरण की स्थापना सहित वहां नवरत्न कंपनी एन एम डी सी के समक्ष उद्योगों की श्रृंखला स्थापित कर क्षेत्र के युवाओं को रोजगार । प्रोत्साहन की योजना नहीं है ।

**7. श्री लखमा कवासी, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

प्रदेश के उद्योगों के सी.एस.आर. मद के व्यय पर नियंत्रण का प्रावधान नहीं है ।

**8. श्री धनेन्द्र साहू, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) अभनपुर विधान सभा के नगरीय क्षेत्र में अभनपुर में सीापित जेड श्रेणी के उद्योग नवभारत फ्यूज एवं नवभारत एक्सप्लोसिव को अन्यंत्र स्थानांतरित करने का उल्लेख नहीं है ।
(2) उद्योगों के सी.एस.आर. मद के व्यय पर नियंत्रण का उल्लेख नहीं है ।
(3) प्रदेश के नवयुवकों को प्रदेश के उद्योगों में रोजगार दिलाने का उल्लेख नहीं है ।
(4) औद्योगिक सुरक्षा मानकों का पालन करने का उल्लेख नहीं है ।

**9. श्री अमित अजीत जोगी, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) प्रदूषण के रोकथाम के उपाय का उल्लेख नहीं है ।
(2) उद्योगों में कार्यरत मजदूरों के स्वास्थ्य की सुरक्षा का उल्लेख नहीं है ।
(3) राज्य में उद्योग क्षेत्र की वृद्वि 7.85 प्रतिशत से घटकर 5.84 प्रतिशत हो गयी है। इसे बढ़ाने का उल्लेख नहीं है ।
(4) मरवाही विधान सभा क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र अंजनी में उद्योग धंधे को बढ़ावा देने संबंधी योजना का उल्लेख नहीं है ।
(5) औद्योगिक प्रदूषण रोकने की क्या कार्य योजना है ? उल्लेख नहीं ।
(6) प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के मालिकों पर कार्यवाही का उल्लेख नहीं है ।
(7) भारतीय हाथ करघा संस्थान छत्तीसगढ़ के चांपा छुरी में बोलने का उल्लेख नहीं है ।
(8) नयी पुरानी उद्योग नीतियों से उद्योग पतियों को हुए नुकसान की भरपाई का उल्लेख नहीं है ।
(9) विद्युत उत्पादन बढ़ाने के उपाय का उल्लेख नहीं है ।
(10) नगरनार स्टील प्लांट के विनिवेशकरण को रोके जाने का उल्लेख नहीं है ।
(11) बस्तर में शक्कर कारखानो खोलने का उल्लेख नहीं है ।
(12) प्रदेश के हाथकरघा बुनकरों उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का उल्लेख नहीं है ।
(13) उद्योग स्थापना हेतु किए गये एम.ओ.यू. के क्रियांवयन की समय–सीमा का उल्लेख नहीं है ।
(14) उद्योगों से प्रभावित किसानों को रोजगार देने का उल्लेख नहीं है ।
(15) महानदी का पानी छत्तीसगढ़ियों के लिए ज्यादा मात्रा में उपयोग करने का उल्लेख नहीं है ।
(16) बस्तर में टाटा स्टील प्लांट के प्रभावितों को जमीन वापस दिलाने का उल्लेख नहीं है ।

**10. श्री गिरवर जंघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) खैरागढ़ विधान सभा क्षेत्र में कोई नये उद्योग धंधे एवं कारखाना खोलने का उल्लेख नहीं है ।
(2) प्रदेश में लघु कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने की योजना का उल्लेख नहीं है ।
(3) प्रदेश में कृषि आधारित लघु उद्योगों की स्थापना करने का उल्लेख नहीं है ।
(4) प्रदेश में स्थापित उद्योगों में प्रभावितों एवं स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का उल्लेख नहीं है ।

**11. श्री जनकराम वर्मा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) प्रदेश के उद्योगों हेतु अधिग्रहित की गई कृषि भूमि के अनुबंध का पालन सुनिश्चित करने का उल्लेख नहीं है ।

(2) प्रदेश में पुनर्वास नीति का पालन करने का उल्लेख नहीं है ।

**12. डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) प्रदेश में निजी एवं शासकीय उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार को देने का उल्लेख नहीं है ।

(2) पेण्ड्रारोड में स्थित औद्योगिक पार्क के क्षेत्र में वृद्धि व विकसित करने की योजना का उल्लेख नहीं है ।

**13. श्री भैयाराम सिन्हा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

स्थानीय बेरोजगारों को प्रदेश में स्थापित हो रहे उद्योगों में रोजगार दिये जाने का उल्लेख नहीं है।

# मांग संख्या– 28

# राज्य विधान मण्डल

मतदेय राशि रूपये **61,60,20,000**

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक–47

**कोई भी कटौती प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं।**

# मांग संख्या– 30

# पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित व्यय

**मतदेय राशि** **रूपये 39,03,15,29,000**

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 22

**1. श्री टी.एस.सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) मोबाईल टॉवर लगाने हेतु पंचायतों की मूलभूत की राशि लिये जाने से रोक लगाने का उल्लेख नहीं है।
(2) प्रदेश के भवनविहीन पंचायतों में सर्वसुविधायुक्त पंचायत भवन निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(3) प्रदेश के पंचायत शिक्षकों को समय पर वेतन भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।
(4) प्रदेश में कार्यरत शिक्षाकर्मियों के संविलियन/नियमितीकरण करने का उल्लेख नहीं है।
(5) प्रदेश में मनरेगा के तहत् मजदूरी का भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।

**2. श्री भूपेश बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) शिक्षा कर्मियों के संविलियन करने का उल्लेख नहीं है।
(2) पंचायतों को अधिकार सम्पन्न बनाने का उल्लेख नहीं है।
(3) मनरेगा में राशि वृद्धि का प्रावधान नहीं है।

**3. श्री सत्यनारायण शर्मा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) मनरेगा के पूर्व के भुगतानों को करने का उल्लेख नहीं है।
(2) रायपुर ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक–3 गोगांव में 30 बिस्तर अस्पताल खोलने का उल्लेख नहीं है।
(3) प्रदेश के लगभग दो लाख शिक्षा कर्मियों को नियमित करने का उल्लेख नहीं है।
(4) प्रदेश के तालाबों का संरक्षण करने का उल्लेख नहीं है।
(5) प्रदेश के थैलेसिमिया बीमारी से पीड़ित रोगियों के उपचार का प्रावधान नहीं है।
(6) विधायक आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत ग्रामों के लिये विशेष प्रावधान/योजना का उल्लेख नहीं है।
(7) रायपुर ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक–46 में अस्पताल खोलने का उल्लेख नहीं है।
(8) रायपुर ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक–52 में 30 बिस्तर अस्पताल खोलने का उल्लेख नहीं है।
(9) शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय, रायपुर को केन्द्रीय रीजनल आयुर्वेद संस्थान के रूप में उन्नयन करने का उल्लेख नहीं है।

**4. श्री मोतीलाल देवांगन, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) पंचायत शिक्षा कर्मियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है एवं पदोन्नति समय पर देने में सरकार असफल रही है।
(2) नगर पंचायत नवागढ़ नवीन बस स्टेंड, गौरव पथ एवं सरोवर धरोहर योजना की स्वीकृति प्रदान करने का उल्लेख नहीं है।
(3) प्रदेश के शिक्षा कर्मियों का संविलियन करने का उल्लेख नहीं है।

**5. श्री बघेल लखेश्वर, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) स्वच्छ भारत मिशन के तहत् शौचालय निर्माण हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का उल्लेख नहीं है।
(2) महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में 200 दिवस रोजगार प्रदान करने का उल्लेख नहीं है।
(3) पुराने तालाबों का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण करने का उल्लेख नहीं है।
(4) प्रदेश में पंचायत शिक्षा कर्मियों का संविलियन करने का उल्लेख नहीं है।
(5) बस्तर विधान सभा क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री गौरव पथ योजनांर्गत सड़क बनाने का उल्लेख नहीं है।
(6) बस्तर विधान सभा क्षेत्र मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत् सड़क बनाने का उल्लेख नहीं है।
(7) विधायक आदर्श ग्राम कलनार, खोरखोसा में मूलभूत सुविधा प्रदान करने तथा सड़क एवं नाला निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(8) बस्तर विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़क योजनांतर्गत निर्मित बालेगासे, खोरकोसा 5 कि.मी. एवं गारेगा से धरपावाड़ 10 कि.मी. सड़क जर्जर हो गई है पुननिर्माण एवं चौड़ीकरण करने का उल्लेख नहीं है।
(9) बस्तर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम नलपावन्ड, मूली–धनपुर, सोनपुर, पाचनपाल, कोलचूर, मोन्ड संतोषा, बागमोलार्य, चोकर, भैसगांव, सवरा चिवरगांव, कोरटा, अलनार आदि ग्रामों में आंतरिक सड़कों को मुख्यमंत्री सड़क योजना में शामिल करने का उल्लेख नहीं है।
(10) बस्तर विधान सभा क्षेत्र के किसी भी गांव के लिये मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत् सड़क निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(11) बस्तर विधान सभा क्षेत्र में बनी प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत् निर्मित सड़कों की मरम्मत करने का उल्लेख नहीं है।
(12) बस्तर विधान सभा क्षेत्र प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत् सड़क निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(13) प्रदेश में पंचायत शिक्षकों को समय पर वेतन भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।
(14) प्रदेश में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत नियमित मजदूरी भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।
(15) पंचायती राज व्यवस्था में लगे कम्प्यूटर ऑपरेटरों को शासकीय सेवा में लेने का उल्लेख नहीं है।
(16) प्रधामंत्री सड़क योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने का उल्लेख नहीं है।
(17) पंचायत कर्मियों को समय पर वेतन भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।
(18) बस्तर विधान सभा क्षेत्र के विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में नाली निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(19) बस्तर विधान सभा क्षेत्र के विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में पाईप लाईन विस्तार करने का उल्लेख नहीं है।

**6. श्री मोहन मरकाम, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) शिक्षा कर्मियों के वेतन विसंगति को दूर करने का उल्लेख नहीं है।
(2) शिक्षा कर्मियों को नियमित मासिक वेतन भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।
(3) मनरेगा में कार्यरत मजदूरों को समय पर मजदूरी भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।

**7. श्री संतराम नेताम, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

प्रदेश के शिक्षा कर्मियों को संविलियन किये जाने का उल्लेख नहीं है।

**8. श्री केशव चंद्रा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) विकासखण्ड जैजैपुर के मुख्य मार्ग से डोमाडीह सड़क निर्माण करने का उल्लेख नही है।
(2) विकासखण्ड जैजैपुर के सालरौंदा से आमापाली सड़क निर्माण करने का उल्लेख नही है।
(3) विकासखण्ड जैजैपुर के ग्राम ओड़ेकेरा से जुनवानी सड़क निर्माण करने का उल्लेख नही है।
(4) विकासखण्ड जैजैपुर के ग्राम तुषार से ओड़ेकेरा सड़क निर्माण करने का उल्लेख नही है।
(5) विकासखण्ड जैजैपुर के ग्राम बहेराडीह से हरदीडेट सड़क निर्माण करने का उल्लेख नही है।
(6) विकासखण्ड जैजैपुर के मुख्य मार्ग से लिमतरा कोटतेरा सड़क निर्माण करने का उल्लेख नही है।
(7) विकासखण्ड जैजैपुर के गुचउलिया से करमनडीह सड़क निर्माण करने का उल्लेख नही है।
(8) विकासखण्ड जैजैपुर के मालखरौदा के मुख्यमार्ग से बाजारपारा पिरदा सड़क निर्माण करने का उल्लेख नही है।
(9) विकासखण्ड जैजैपुर के ग्राम अकलसरा से केकरापाठ सड़क निर्माण करने का उल्लेख नही है।
(10) विकासखण्ड मालखरौदा के ग्राम सपोटा से झेरियाडीया मरहाघट्टी तक सड़क निर्माण करने का उल्लेख नही है।
(11) विकासखण्ड जैजैपुर के पाडाहरदी से सेमराडीह होते हुए कलमीडीह सड़क निर्माण करने का उल्लेख नही है।
(12) प्रदेश के मजदूरों के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है।

**9. श्री दीपक बैज, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) मनरेगा मजदूरों को नियमित मजदूरी भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।
(2) प्रदेश सूखा प्रभावित किसानों को 200 दिवस मनरेगा के तहत् रोजगार देने का उल्लेख नहीं है।
(3) बस्तर जिले में मनरेगा की मजदूरी की शेष राशि के भुगतान का उल्लेख नहीं है।
(4) प्रदेश के पंचायत प्रेरकों की सेवा बहाल करने का उल्लेख नहीं है।
(5) बस्तर जिले के मनरेगा श्रमिकों का भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।
(6) प्रदेश में कार्यरत शिक्षा कर्मियों के संविलियन करने का उल्लेख नहीं है।
(7) चित्रकोट विधान सभा में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की अपूर्ण व खराब सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(8) चित्रकोट विधान सभा में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की खराब एवं गड्ढे, बोल्डरयुक्त सड़कों के डामरीकरण करने का उल्लेख नहीं है।
(9) चित्रकोट विधान सभा के परोदा से दालपाल 3 कि.मी. सड़क के डामरीकरण करने का उल्लेख नहीं है।
(10) बस्तर जिले के ओ.डी.एफ. के अंतर्गत बने शौचालयों के लंबित भुगतान प्रदान करने का उल्लेख नहीं है।

**10. श्री लालजीत सिंह राठिया, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) ग्राम हाटी, छाल, नावापारा (टिन्डा) में अटल समरसत्ता भवन निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(2) प्रदेश पंचायत सचिवों के संविलियन करने का उल्लेख नहीं है।
(3) निर्वाचित संरपंचों को मानदेय प्रदान करने का उल्लेख नहीं है।
(4) शिक्षा कर्मियों की स्पष्ट स्थानांतरण नीति अन्य शासकीय कर्मचारियों की तरह बनाने का उल्लेख नहीं है।
(5) प्रदेश शिक्षाकर्मियों के संविलियन करने का उल्लेख नहीं है।

**11. श्रीमती देवती कर्मा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

शिक्षाकर्मियों की लंबित संवैधानिक आधिकारिक अनुरोध मांग के निराकरण के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है।

**12. श्री धनेन्द्र साहू, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) प्रदेश में पंचायत शिक्षकों को समय पर वेतन भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।
(2) प्रदेश में ई–पंचायतों के निर्माण का उल्लेख नहीं है।
(3) प्रदेश में मनरेगा के तहत् कराये गये कार्यों की मजदूरी का भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।
(4) अभनपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(5) अभनपुर विधान सभा क्षेत्र में किसी भी गांव के लिये मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत् सड़क निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।

**13. श्री अरूण वोरा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है।
(2) पंचायत शिक्षकों के संविलियन करने का कोई प्रावधान नहीं है।

**14. श्री अमित अजीत जोगी, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) मनरेगा की लंबित मजदूरी भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।
(2) पंचायतों की मूलभूति राशि का उचित उपयोग करने का उल्लेख नहीं है।
(3) मनरेगा की मजदूरी भुगतान की राशि 15 दिवस के अंदर देने का कोई उल्लेख नहीं है।
(4) मनरेगा में भ्रष्टचार को रोकने के उपायों का उल्लेख नहीं है।
(5) मनरेगा योजना में कार्यरत मजदूरों की लंबित मजदूरी भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।
(6) प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नागरिकों को लाभ पहुंचाने का उल्लेख नहीं है।
(7) पंचायतों में कार्यरत प्रेरकों की सेवाएं बहाली एवं मानदेय में वृद्धि करने का उल्लेख नहीं है।
(8) ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखण्डों में एक से ज्यादा संख्या में प्रारंभ करने का उल्लेख नहीं है।
(9) सभी पंचायतों तक मोबाईल कनेक्टिविटी पहुंचाने का उल्लेख नहीं है।
(10) पंचायती राज संस्थाओं को अफरशाही के दबाव से मुक्त करने का कोई उल्लेख नहीं है।
(11) मनरेगा के मजदूरों को नगद मजदूरी भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।
(12) मनरेगा में 100 दिवस काम करने वाले परिवारों की संख्या में कमी आने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है।
(13) शिक्षा कर्मियों का संविलियन शिक्षा विभाग में करने का उल्लेख नहीं है।
(14) विधायक आदर्श ग्राम में शासन द्वारा तय मापदण्ड के अनुसार विकास कार्य कराने का उल्लेख नहीं है।
(15) मरवाही विधान सभा क्षेत्र से संबंधित ग्राम बस्ती–बगरा में मोबाईल टॉवर लगाने का उल्लेख नहीं है।
(16) शिक्षा कर्मियों के आश्रितों को पंचायत या अन्य विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग में अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने का उल्लेख नहीं है।
(17) शिक्षा कर्मियों की मांग पूरी करने का कोई उल्लेख नहीं है।
(18) शिक्षा कर्मियों की स्थानांतरण नीति बनाने का उल्लेख नहीं है।

(19) स्वच्छ भारत मिशन के तहत् निर्मित गुणवत्ताहीन शौचालयों के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है।
(20) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत कोटखर्रा से बंटीबहेरा पेण्ड्रा तक सड़क निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(21) शिक्षा कर्मियों को सातवां वेतनमान देने का उल्लेख नहीं है।
(22) प्रदेश के शिक्षा कर्मियों को शिक्षा विभाग में संविलियन करने का उल्लेख नहीं है।
(23) पंचायत सचिवों को सातवां वेतनमान देने का उल्लेख नहीं है।
(24) प्रदेश की पंचायों में कार्यरत रोजगार सहायकों को नियमित करने का कोई उल्लेख नहीं है।
(25) प्रधानमंत्री आवास योजना में कार्यरत मजदूरों को मनरेगा मजदूरी समय पर प्रदान करने का उल्लेख नहीं है।

**15. डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) कोटा विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की अनेक सड़कें खराब हो गई है, सड़कों के नवीनीकरण का उल्लेख नहीं है।
(2) दुर्गा चौक, पेण्ड्रा से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पेण्ड्रा तक सड़क नवीनीकरण करने का उल्लेख नहीं है।

**16. डॉ. प्रीतमराम, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) शिक्षा कर्मियों की मांग अनुरूप तत्काल शिक्षा विभाग में संविलियन करने का उल्लेख नहीं है।
(2) 15 वर्ष से कम सेवा अवधि वाले पंचायत सचिवों को 5200–20200+2200 रू. ग्रेड वेतन तत्काल दिये जाने का उल्लेख नहीं है।
(3) प्रदेश के सरपंच, पंचों के मानदेय को बढ़ाने का कोई उल्लेख नहीं है।

**17. श्री चिंतामणी महाराज, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) लुण्ड्रा विकासखण्ड में प्रधानमंत्री सड़क जर्जर हो गई है उसके जीर्णोद्धार का कोई उल्लेख नहीं है।
(2) मनरेगा के तहत् मजदूरी भुगतान लंबित है भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।
(3) शिक्षा कर्मियों को नियमित वेतन भुगतान सुनिश्चित करने का कोई उल्लेख नहीं है।

**18. श्री मनोज सिंह मण्डावी, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) आदिवासी क्षेत्रों में संचार सुविधा उपलब्ध करने का उल्लेख नहीं है।
(2) पंचायतों को मोबाईल नेटवर्क से जोड़ने की योजना का उल्लेख नहीं है।
(3) शिक्षा कर्मियों के संविलियन करने का कोई उल्लेख नहीं है।
(4) मनरेगा मजदूरों को नियमित मजदूरी भुगतान करने का कोई उल्लेख नहीं है।

**19. श्री अमरजीत भगत, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) पंचायत शिक्षक एवं नगरीय शिक्षक के संविलियन करने का उल्लेख नहीं है।
(2) पंचायत शिक्षकों को प्रतिमाह वेतन देने का उल्लेख नहीं है।

**20. श्री बृहस्पत सिंह, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) शौचालय निर्माण का भुगतान देने की योजना का उल्लेख नहीं है।
(2) शिक्षा कर्मियों का संविलियन करने का उल्लेख नहीं है।
(3) पुराने तालाब की मरम्मत की योजना का कोई उल्लेख नहीं है।

(4) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़क की मरम्मत करने का उल्लेख नहीं है।
(5) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत नई सड़क निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।

**21. श्रीमती तेजकुंवर गोवर्धन नेताम, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

मोहला मानपुर क्षेत्र में तालाबों के सौंदर्यीकरण करने का उल्लेख नहीं है।

**22. श्री पारसनाथ राजवाड़े, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

पंच एवं सरपंच के मानदेय में वृद्धि करने का उल्लेख नहीं है।

**23. श्री भोलाराम साहू, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) आयबांधा से डुमरछुचा तक डामरीकृत सड़क निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(2) भरकाकसा, जोब डामरीकृत सड़क निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(3) नाडिया खुर्द में नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण का कोई उल्लेख नहीं है।
(4) धनगांव से डुमरछुचा तक डामरीकृत सड़क निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(5) राष्ट्रीय राजमार्ग से रानीपुर खडखडी तक डामरीकृत सड़क निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(6) चोरहा बंजारी से मुजाल पाथरी डामरीकृत सड़क निर्माण का कोई उल्लेख नहीं है।
(7) राष्ट्रीय राजमार्ग से जनकपुर तक डामरीकृत सड़क निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।

**24. श्री गिरवर जंघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) पी.एम.जी.एस.वाई. एवं एम.एम.जी.एस. वाई. के सड़कों को खस्ताहाल है, उनके सुधार करने हेतु राशि का उल्लेख नहीं है।
(2) स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निर्मित शौचालय गुणवत्ताहीन है।
(3) प्रदेश की पंचायतों एवं विद्यालयों में मूलभूत सुविधा बिजली, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में सरकार असफल रही है।
(4) मनरेगा के तहत् मांग के अनुरूप कार्य स्वीकृत करने का उल्लेख नहीं है।
(5) मनरेगा के तहत् 200 दिवस रोजगार प्रदान करने की योजना का उल्लेख नहीं है।
(6) मनरेगा के तहत् कराये जा रहे कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने का उल्लेख नहीं है।
(7) प्रदेश में मनरेगा के श्रमिकों को लंबित मजदूरी का भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।
(8) खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र की सड़कों की स्थिति को सुधारने संबंधी कोई कार्ययोजना का उल्लेख नहीं है।
(9) खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखण्ड खैरागढ़ के कुकुरमुड़ा से सिघौरी सड़क निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(10) प्रदेश के गांवों के खेल मैदान के समतलीकरण करने का उल्लेख नहीं है।
(11) खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखण्ड छुईखदान के नादिया से बसावर सड़क निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।
(12) खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखण्ड छुईखदान के मानिकचौरी से झंडाबाबा दनिया टोड तक सड़क निर्माण करने का उल्लेख नहीं है।

**25. श्री भैयाराम सिन्हा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे. 19**

(1) संजारी–बालोद विधान सभा के विकासखण्ड गुरूर अंतर्गत छेड़िया से धबनपुर, खर्रा से दर्रा एवं मुख्यमार्ग से बोखरा की सड़कों को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजनांतर्गत स्वीकृति प्रदान करने का कोई उल्लेख नहीं है।
(2) प्रदेश के शिक्षक संवर्ग को मूल विभाग में संविलियन करने का उल्लेख नहीं है।

(3) प्रदेश के शिक्षक पंचायत संवर्ग को प्रतिमाह 5 तारीख तक वेतन भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।

(4) संजारी–बालोद विधान सभा क्षेत्र के ग्रामों में ग्राम गौरव पथ निर्माण के लिये राशि का कोई प्रावधान नहीं है।

(5) मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत संजारी–बालोद विधान सभा क्षेत्र के सभी चिन्हांकित ग्रामों के लिये राशि का कोई प्रावधान नहीं है।

(6) संजारी–बालोद विधान सभा क्षेत्र के चिन्हांकित ग्रामों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क बनाये जाने का कोई प्रावधान नहीं है।

(7) महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत सरकार निर्धारित दिवसों का रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में कोई प्रावधान नहीं है।

(8) प्रदेश में कार्यरत पंचायत शिक्षकों को समयबद्ध पदोन्नति एवं प्रचलित वेतनमान दिये जाने का उल्लेख नहीं है।

**26. श्री जनकराम वर्मा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे. 19**

(3) मनरेगा के तहत् 200 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने का कोई उल्लेख नहीं है।

(4) बेरोजगारों का बेरोजगारी भत्ता दिये जाने का उल्लेख नहीं है।

(5) मनरेगा के तहत् लंबित मजदूरी भुगतान करने का उल्लेख नहीं है।

## मांग संख्या– 80

## त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता

**मतदेय राशि** **रूपये 40,00,18,73,000**

